BRAMPTON Service and Information Update

ब्रैम्पटन, 10 दिसम्बर को चार आउटडोर स्केटिंग रिंक खोल रहा है

स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी उपाय लागू होंगे और रिजर्वेशन्स जरूरी हैं।

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (9 दिसम्बर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, वीरवार, 10 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शुरू करते हुए, चार रिंक्स में आउटडोर स्केटिंग शुरू कर रही है। इसके स्थानों में शामिल हैं, गोर मेडोज कवर्ड आउटडोर स्केटिंग रिंक (Gore Meadows Covered Outdoor Skating Rink), चिंगकूजी पार्क स्केट रेक्रिएशनल ट्रेल (Chinguacousy Park Skate Recreational Trail), गेज पार्क आउटडोर स्केटिंग रेक्रिएशनल ट्रेल (Gage Park Outdoor Skating Recreational Trail) और माउंट प्लैजैंट आउटडोर स्केटिंग रिंक (Mount Pleasant Outdoor Skating Rink)।

समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, विशेषकर कोविड-19 (COVID-19) के दौरान। पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह के अनुसार, रिंक्स में जाने के लिए रिजर्वेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कैपेसिटी शर्तों का पालन किया जा रहा है और जहां जरूरी हो, संपर्क ट्रेसिंग संभव है।

रिजर्वेशन्स, 36 घंटे तक एडवांस में कराई जा सकती हैं। निवासी निम्नलिखित तरीकों से अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं:

- cityofbrampton.perfectmind.com पर ऑनलाइन रजिस्टर करके
- 905.791.2240 पर हमारी बुकिंग लाइन को फोन करके
- सिटी की सीमाओं के अंदर से सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) को 311 पर फोन करके

सभी रिजर्वेशन्स, एक घंटे की अवधि तक सीमित हैं। रिजर्वेशन्स, माता-पिता, अभिभावकों या ऐसे अन्य लोगों सहित सभी रक्षकों के लिए जरूरी हैं, जिनके साथ स्केटिंग करने वाले आए हों, लेकिन वह बर्फ पर नहीं जा रहे हों। निवासियों से अनुरोध है कि वे, ऑनसाइट स्वागती टेंट पर स्टाफ के साथ चेक इन करने के लिए, 10 मिनट जल्दी अपने स्केट में पहुंचें। यदि आपको अपनी रिजर्वेशन्स रद्द करने की आवश्यकता है, तो 905.791.2240 पर फोन करें।

वॉशरूम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वाशरूम्स के अंदर मास्क जरूरी हैं। रिंक्स में खानपान संबंधी वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं हैं।

मौसम खराब होने के कारण रिंक बंद किए जा सकते हैं। कृपया आने से पहले रिंक की स्थिति देख लें।

इस वर्ष, सिटी, फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैम्पस (Flower City Community Campus), वैलीब्रूक पार्क (Valleybrook Park), मोरिस केर्बल पार्क (Morris Kerbel Park) और अर्नसक्लिफ पार्क (Earnscliffe Park) में, अतिरिक्त आउटडोर स्केटिंग रिंक खोलेगी। ये रिंक, दिसम्बर के अंत में खुलेंगे।

संचालन के घंटों, रिंक की स्थिति और रिजर्वेशन्स विवरणों सहित, पूरी जानकारी के लिए, Brampton.ca/outdoorskating पर जाएं।

-30-

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca